गुरुवार, 28 मार्च 2019

हिन्दुस्तान

रैली से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया

आयोजन

बल्लभगढ़ | हमारे संवाददाता

अग्रवाल कॉलेज में बुधवार को एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर लोगों को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली गई। वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था व बेरोजगारी का समाधान विषय पर व्याख्यान का भी आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. केके गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयंसेविकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण को दूषित होने से रोकना है, क्योंकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित होगा तभी हमारा जीवन सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम पर्यावरण को सुरक्षित रखें व आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण धरोहर के रूप में देकर जाएं। इसके बाद गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें डॉ.के.एल.कौशिक, डॉ. संजीव गुप्ता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। इसे प्राचार्य डॉ.केके गुप्ता ने हरी झंडी दिखाई

150 स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया : एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अशोक निराला, रितु वडॉ. सीमा मलिक के नेतृत्व में स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने नारे लगाए। रैली लोगों को जागरूक करने के लिए अम्बेडकर चौक से लेकर मेन बाजार बल्लबगढ़ होती हुई कॉलेज वापस पहुंची। इस रैली में लगभग 150 स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।